प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 30.06.2024

थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा दुकानदार की हत्या करने का प्रयास करने वाला एक वांछित अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार।

दिनांक 29/06/2024 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत लोहिया पार्क के पास पाइप मार्केट से आने वाली रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पाइप मार्केट की तरफ से आता दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से डीएवी स्कूल की तरफ भागने लगा शक होने पर पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाश के द्वारा मोटरसाइकिल को तेजी से भगाने के कारण मोटरसाइकिल डीएवी स्कूल गेट नंबर 3 के सामने फिसल कर गिर गई और पुलिस पार्टी को पीछे आते देख बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस पार्टी पर फायर कर रहा बदमाश घायल हो गया घायल बदमाश को वास्ते उपचार अस्पताल भेजा जा रहा है आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है

गिरफ्तार अभियुक्त आशीष उपरोक्त द्वारा अपने सहयोगी के साथ मिलकर कोल्ड ड्रिंक व पानी का व्यापार करने वाले धनपत कुशवाहा नामक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से चाकू व पेशकश से हमला कर गंभीर रूप से घायल किया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

आशीष पुत्र उमेश निवासी जनकपुरी थाना शालीमार गार्डन उम्र 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1-01 तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस

2.एक मोटरसाइकिल चोरी की

3.घटना में प्रयुक्त एक चाकू पेपर काटने वाला

4.घटना में प्रयुक्त एक पेचकस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम।